अध्याय- 8

विशेषण

मौखिक प्रश्न

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(क)विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

उत्तर -विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं

(ख)अपने अध्यापक की दो विशेषताएं बताइए?

उत्तर- स्वयं करें।

लिखित प्रश्न

1.दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क)विशेषण किसे कहते हैं विशेष्य किसे कहते हैं?

उत्तर - विशेषण- संज्ञा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं

विशेष्य - जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है उसे विशेष्य कहते हैं।

(ख)विशेषण और विशेष्य युक्त दो उदाहरण दीजिए?

उत्तर -विशेषण के उदाहरण - काला ,गोरा

विशेष्य के उदाहरण - गुलाब, व्यक्ति

2.सही विकल्प चुनकर सही का निशान लगाइए

(क)संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को क्या कहते हैं

- **विशेषण**

(ख)जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है उन्हें क्या कहते हैं

- **विशेष्य**

(ग)संख्या बताने वाले विशेषण शब्द कौन सा है

- **चार**

(घ)माप -तौल बताने वाले विशेषण शब्द कौन सा है

- **चार किलो**

3.दिए गए चित्र देखकर बताइए कि किस की विशेषता बता रहे हैं

(क)रंग -बिरंगे पंख है मेरे

- मोर

(ख)गर्मी में मैं सबको भाती,

बच्चों को हूं मैं लल चाती

- आइसक्रीम

(ग)फलों का राजा कहलाता

सबके मन को हूं मैं भाता

- आम

(घ)मुंह में मैं पानी भर लाती ,

चटट्चटा है मेरा स्वाद

- इमली

(ड़)रात को मैं चमचमाता

बच्चों का मामा कहलाता

- चाँद

4.उचित मिलान कीजिए

काली - कोयल

खट्टा - संतरा

ईमानदार - आदमी

ठंडा - शरबत

रंग-बिरंगे - फूल

गुलाबी - फ्रॉक

5.नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य कहां पर अलग-अलग लिखिए

(क)रोहित ने नई साइकिल खरीदी।

विशेषण - नई

विशेष्य - साइकिल

(ख)मोहित ने गर्म दूध पिया।

विशेषण - गर्म

विशेष्य - दूध

(ग)मोटा आदमी स्वस्थ नहीं रहता।

विशेषण - मोटा

विशेष्य - आदमी

(घ)रोमा की जापानी गुड़िया नाच रही है।

विशेषण - जापानी

विशेष्य - गुड़िया

6.भी दे भी मम्मीनीचे दी गई के थैली में संज्ञा और विशेषण शब्द मिल गए हैं उन्हें जांच कर उचित संख्या के साथ उचित विशेषण लिखिए

विशेषण संज्ञा -

- लाल गुलाब
- कच्चा आम
- गर्म चाय
- ठंडी बर्फ
- नीला आकाश
- सफेद खरगोश
- मैंले कपड़े
- हरी मिर्च
- कड़वा करेला
- सुंदर चित्र
- कुछ सेब